>

Title: Need to release more funds for development of Bateshwar, a tourist resort at Shikohabad U.P.

श्री प्रभुदयाल कठेरिया (फिरोजाबाद) : महोदय, मैं आपके माध्यम से सूचना देना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र शिकोहाबाद में आगरा के निकट बटेश्वर, उत्तरी भारत का बहुत बड़ा तीर्थ स्थल है। मान्यवर भारत सरकार ने सन् १९९४-९५ की स्कीम के तहत करीब ४४ लाख रुपए स्वीकृत किए थे। भारत सरकार ने इसे पर्यटन स्थल भी धोशित कर दिया है। उस दृष्टि से भी इस स्थल का महत्व बहुत बढ़ जाता है क्योंकि आगरे में सारे विश्व का पर्यटक आता है जो धनराशि बाकी रह गई है उस धनराशि को तत्काल बटेश्वर में देने का कष्ट करें जिससे वह कार्य पूरा हो। आगरा के निकट होने के कारण यहां भी पर्यटक काफी मात्रा में आएंगे जिससे भारत सरकार को भी काफी लाभ होगा।